उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: ......732....

(संवाद–04)

दिनांक /Date.: 16.8.2019

आयोग द्वारा वर्तमान में जारी किये गये व भविष्य में जारी किये जाने वाले विज्ञापनों के संबंध में।

अभ्यर्थियों द्वारा समय–समय पर आयोग से नये भर्ती विज्ञापन जारी किये जाने के सम्बन्ध में पूछताछ की जा रही है। संवाद के फीडबैक कॉलम में भी इस सम्बन्ध में कई पृच्छायें हो रही हैं। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि वर्तमान में आयोग को लगभग 3000 विभिन्न पदों का अधियाचन प्राप्त है। ये पद तकनीकी (विशिष्ट अर्हता वाले) तथा गैर तकनीकी(सामान्य अर्हता वाले)दोनों प्रकार के हैं। इनमे से प्राप्त अधिकांश पदों के अधियाचनों में कमियां पाई गई हैं। इन कमियों को दूर करने हेतु सम्बन्धित नियोक्ता विभाग से अनुरोध किया गया है।

वर्तमान में लगभग 800 पद ऐसे हैं जिसमें सभी कमियां पूर्ण कर विज्ञापन प्रकाशन किया गया है/किया जा रहा है। कनिष्ठ अधियंता सिविल(100 पद) तथा सहायक कृषि अधिकारी वर्ग–3 (280 पद) पर भर्ती विज्ञापन जारी कर दिया गया है। गैर तकनीकी अर्हता वाले मा0 उच्च न्यायालय के अधीन लगभग 300 पदों पर विज्ञापन शीघ्र प्रकाशन हेतु कार्यवाही की जा रही है। ग्राम विकास अधिकारी के 324 पदों पर विज्ञापन तैयार करने की कार्रवाई की गई थी किन्तु इस प्रक्रिया में आई कठिनाइयों के उपरांत इस सम्बन्ध में नियोक्ता विभाग से कुछ मामलों में स्थिति स्पष्ट कराने की आवश्यकता हुई है, अतः इस विज्ञापन को प्रकाशित करने में कुछ समय लगेगा।

अन्य पदों पर भी कमियां दूर होंने पर विज्ञापन प्रकाशन की कार्रवाई की जायेगी।

(संतोष बडोनी)
सचिव।

Scanned by CamScanner